राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UHIN/2012/43078 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

सीतापुर से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

सीतापुर, सोमवार, 27 अप्रैल 2026
वर्ष 14, अंक 18, पृष्ट 04, मूल्यः 01 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

बिराहिमपुर ग्राम पंचायत में भ्रष्टाचार का बड़ा खेल उजागर...03

30 दिन बाद फिर होगी पार्टी', व्हाइट हाउस में फायरिंग के बाद बेखौफ ट्रंप...04

## चूहे खा गए रिश्वत की रकमः सुप्रीम कोर्ट की तीखी टिप्पणी, कहा- राज्य को भारी राजस्व नुकसान

**ब्यूरो प्रयागराज।** सुप्रीम कोर्ट ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत दोषी ठहराई गई महिला को जमानत देते हुए उस दावे पर हैरानी जताई कि मामले में बरामद रिश्वत की रकम चूहों द्वारा नष्ट कर दी गई। अदालत ने कहा कि इस तरह की स्थिति राज्य के लिए भारी राजस्व नुकसान का कारण बन सकती है। जस्टिस जे. बी. पारदीवाला और जस्टिस के. वी. विश्वनाथन की पीठ ने कहा, 'हमें यह जानकर आश्चर्य हुआ कि मुद्रा नोट चूहों ने नष्ट कर दिए। हम सोचते हैं कि ऐसे मामलों में बरामद कितनी रकम इसी तरह नष्ट हो जाती होगी। यह राज्य के लिए बड़ा राजस्व नुकसान है।'

पीठ ने यह भी कहा कि नोट नष्ट होने के संबंध में दिया गया स्पष्टीकरण विश्वास पैदा नहीं करता। मामला एक महिला अधिकारी से जुड़ा है, जो उस समय बाल विकास कार्यक्रम अधिकारी के पद पर कार्यरत थीं। उन पर 10 हजार रुपये रिश्वत मांगने का आरोप था। निचली अदालत ने उन्हें बरी कर दिया था, लेकिन बाद में पटना हाइकोर्ट ने निचली अदालत का फैसला पलटते हुए दोषी ठहराया और सजा सुनाई। हाईकोर्ट ने उन्हें भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं के तहत चार वर्ष और तीन वर्ष के कठोर कारावास की सजा दी थी।

सुप्रीम कोर्ट ने फिलहाल इस सजा पर रोक लगाते हुए महिला को जमानत पर रिहा



करने का आदेश दिया है। जमानत की शर्तें ट्रायल कोर्ट तय करेगा। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने पटना हाईकोर्ट के उस अवलोकन पर भी ध्यान दिया, जिसमें कहा गया कि जब्त की गई रिश्वत की रकम वाला लिफाफा चूहों द्वारा नष्ट किया गया। हालांकि मालखाना रजिस्टर में उसकी प्रविष्टि मौजूद है। पटना हाईकोर्ट ने माना था कि केवल रकम का नष्ट हो जाना अभियोजन के मामले को कमजोर नहीं करता, यदि अन्य साक्ष्य दोष सिद्ध करने के लिए पर्याप्त हों। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने संकेत दिया कि इस पहलू की अंतिम सुनवाई के समय विस्तार से जांच की जाएगी।

**ऐसे मामले और भी जगहों से सामने आये हैं ,बानगी देखें-**

झारखंड में नशेड़ी चूहे! पुलिस बोली- 200 किलो गांजा चट कर गए और शराब भी गटक गए...4 Jan 2026

झारखंड में चूहों को लेकर हैरान करने वाले मामले सामने आए हैं, जो पुलिस और उत्पाद विभाग की लापरवाही को उजागर कर रहे हैं। इन घटनाओं में दावा किया गया है कि चूहों ने गांजा और शराब जैसी नशे की वस्तुएं खा ली हैं, और इन बहानों ने कई आरोपियों को अदालत से बरी भी करवा दिया है।

**200 किलो गांजा गायब, आरोपी बरी**

साल 2022 में ओरमांझी पुलिस ने एक बोलेरो से करीब 200 किलो गांजा (लगभग 1 करोड़ रुपये मूल्य का) बरामद किया था। आरोपी इंद्रजीत राय उर्फ अनुरजीत राय को गिरफ्तार किया गया, लेकिन उसके साथी फरार हो गए। कोर्ट में जब सबूत पेश करने का समय आया, तो पुलिस ने चौंकाने वाला दावा किया कि गांजा चूहों ने खा लिया है। मालखाने में रखे इस भारी मात्रा में नशीले पदार्थ का कोई भी सबूत नहीं बचा।

19 दिसंबर 2025 को रांची की NDPS कोर्ट ने इस रिपोर्ट और अन्य सबूतों की कमी को देखते हुए आरोपी को बरी कर दिया। कोर्ट ने माना कि पुलिस आरोप साबित करने में असमर्थ रही। इस फैसले ने पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था और रिकॉर्डिंग प्रक्रियाओं पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

**धनबाद का शराब घोटालाः 802 बोतलें चूहों ने गटक लीं।**

इसी साल जुलाई में धनबाद के बलियापुर और प्रधानखंता की शराब दुकानों में स्टॉक की जांच के दौरान 802 बोतलें शराब कम पाई गईं। कुछ बोतलें पूरी तरह खाली थीं, तो कुछ आधी। दुकान संचालकों का दावा था कि चूहों ने ढक्कन चबाकर शराब पी ली। उन्होंने विस्तार से बताया कि चूहे बोतलों के ढक्कन तोड़ते, पूंछ डालकर शराब पीते और चले जाते हैं।

हालांकि विभागीय जांच में इस दावे को खारिज कर दिया गया और दुकान मालिकों से नुकसान की भरपाई करने को कहा गया। जांच के दौरान पता चला कि इन घटनाओं के पीछे मानवीय लापरवाही और संभवतः घपले की बात हो सकती है। इससे पहले भी, 2024 में पुलिस ने कोर्ट को बताया था कि चूहों ने 9 किलो गांजा और 10 किलो भांग खा ली है।

शेष खबर पृष्ठ 12......

## पीएम मोदी और योगी के राज में बेटियां असुरक्षित क्यों हैं?

» गाजीपुर की घटना को लेकर राहुल गांधी का बीजेपी से सवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अपराध के मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर हमला बोला है। उत्तर प्रदेश के गाजीपुर में एक लड़की की कथित तौर पर हत्या किए जाने की घटना को लेकर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के राज्य में बेटियां इतनी असुरक्षित क्यों हैं।

राहुल गांधी ने कहा कि जिस देश और प्रदेश में मां-बाप को अपनी बेटी की प्राथमिकी लिखवाने के लिए गुहार लगानी पड़े, वहां की सरकार को सत्ता में रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। गाजीपुर के करंडा इलाके में गत 15 अप्रैल को एक लड़की की कथित तौर पर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने इस मामले में मुख्य आरोपी हरिओम पांडे को गिरफ्तार कर लिया है। इस घटना के बाद समाजवादी प्रतिनिधिमंडल के दौरे के दौरान ग्रामीणों और सपा कार्यकर्ताओं के बीच पथराव भी हुआ था।

गांधी ने 'एक्स' पर लिखा, ''उत्तर प्रदेश के ग़ाज़ीपुर में विश्वकर्मा समाज की एक बेटी के साथ बलात्कार और निर्मम हत्या - और फिर परिवार को प्राथमिकी दर्ज कराने से



रोकने के लिए धमकियाँ, हिंसा। हाथरस, कठुआ, उन्नाव और आज ग़ाज़ीपुर, यह एक 'पैटर्न' है। मणिपुर की बेटी ने न्याय की राह देखते-देखते दम तोड़ दिया।'' उन्होंने दावा किया, ''हर बार वही चेहरा, पीड़िता दलित, पिछड़ी, आदिवासी, ग़रीब। हर बार वही सच्चाई, अपराधी को संरक्षण, पीड़ित को प्रताड़ना। हर बार वही चुप्पी, सत्ता की, जिन्हें बोलना चाहिए था।''

गांधी ने कहा कि जिस देश और प्रदेश में माँ-बाप को अपनी बेटी की प्राथमिकी लिखवाने के लिए भीख माँगनी पड़े, उस देश की सरकार को सत्ता में रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा, ''दोषी पुलिस अधिकारियों पर कार्रवाई हो, परिवार को सुरक्षा मिले, उच्चस्तरीय जांच हो और तुरंत न्याय मिले। मोदी जी, मुख्यमंत्री जी जवाब दीजिए, आपके राज में बेटियां इतनी असुरक्षित क्यों हैं?''गांधी ने कहा, ''ऐसे हालात में न्याय मांगा नहीं, छीना जाता है और हम छीनकर लाएंगे।'' इस मामले को लेकर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने भी बीजेपी सरकार पर हमला बोला है। प्रियंका गांधी ने 'एक्स' पर कहा, ''गाजीपुर में एक लड़की की हत्या के मामले में पहले मामला दर्ज होने में आनाकानी, फिर पीड़ित परिवार को धमकियां मिलना और दबंगों द्वारा अराजकता फैलाना यह दिखाता कि प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ अत्याचार चरम पर है। बीजेपी राज में अब यही अघोषित कानून बन गया है कि जब भी किसी महिला पर अत्याचार होता है तो पीड़ित को ही और प्रताड़ित किया जाता है।''उन्होंने आरोप लगाया कि महिलाओं के संबंध में प्रधानमंत्री मोदी की बड़ी-बड़ी बातें सिर्फ दिखावा हैं।

प्रियंका ने कहा, ''उन्नाव हो, हाथरस हो, प्रयागराज हो या गाजीपुर, जहां भी महिलाओं के साथ अन्याय हुआ, बीजेपी अपनी पूरी सत्ता के साथ पीड़िता के खिलाफ, अत्याचारी के साथ खड़ी हो गई। देश भर की महिलाएं ये अंधेरगर्दी देख रही हैं।'

## संक्षिप्त ख़बरें

### तेज आंधी में गिरी दीवार, महिला की मौत, पति गंभीर




**तालबेहट।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चुरावनी में तेज आंधी के दौरान एक मकान की दीवार गिरने से बड़ा हादसा हो गया। दीवार के नीचे दबकर पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों और ग्रामीणों की मदद से दोनों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल पति को झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। जानकारी अनुसार ग्राम चुरावनी निवासी मेधराज 55 पुत्र आशाराम अपनी पत्नी अहिल्या 45 वर्ष के साथ दोपहर में अपने कमरे में आराम कर रहे थे इस दौरान तेज आंधी और बारिश के बीच कमरे की एक तरफ की दीवार आराम कर रहे पति-पत्नी के ऊपर गिर गई। हादसे में पत्नी अहिल्या की मौके पर ही मौत हो गई वहीं पति को गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तालबेहट लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे झांसी रेफर कर दिया घटना की जानकारी के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई की। घटना के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

### हाईवे पर हादसाः कुत्ते से टकराई बाइक, मासूम की मौत, दंपति गंभीर

**होमगार्ड की परीक्षा देकर लौट रहे थे दंपत्ति**

**तालबेहट।** कोतवाली क्षेत्र में नेशनल हाईवे-44 पर पवा साइनबोर्ड के पास रविवार को दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। होमगार्ड भर्ती परीक्षा देकर लौट रहे एक परिवार की बाइक अचानक सड़क पर आए कुत्ते से टकरा गई, जिससे बाइक अनियंत्रित होकर गिर पड़ी। हादसे में तीन वर्षीय मासूम की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, आरती (33) पत्नी महावीर राठौर एवं उनका बेटा शिवांग (3 वर्ष) निवासी ग्राम जाजेपुरा, जिला जालौन, अपने परिवार के साथ परीक्षा देकर लौट रहे थे। इसी दौरान पवा साइनबोर्ड के पास उनकी बाइक सामने आए कुत्ते से टकरा गई। हादसे में गंभीर रूप से घायल तीनों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने मासूम शिवांग को मृत घोषित कर दिया। वहीं आरती और उनके पति महावीर राठौर की हालत गंभीर होने पर उन्हें बेहतर उपचार के लिए रेफर किया गया है।

## Loco Pilot को पाइल्स सर्जरी के घाव दिखाने को मजबूर करने वाले रेलवे अधिकारी का तबादला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** अवकाश बढ़ाने के लिए पाइल्स की सर्जरी के घाव दिखाते हुए जिस लोको पायलट का एक वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुआ था, उस मामले के आरोपी चीफ क्रू कंट्रोलर का स्थानांतरण हो गया है। हालांकि रेलवे ने इसे एक सामान्य स्थानांतरण बताया है। वहीं, ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन ने लोको पायलट के साथ हुई घटना से जोड़कर देश भर में इसका संदेश जारी किया है। हालांकि रेलवे की जांच कमेटी ने लोको पायलट को सेवा नियमावली का उल्लंघन करने का दोषी माना था। तीन मार्च को एक वीडियो देश भर में तेजी से प्रसारित हो गया। इसमें उत्तर रेलवे लखनऊ की लाबी में तैनात लोको पायलट राजेश मीणा को अपने चीफ क्रू कंट्रोलर रतन कुमार के सामने पाइल्स की सर्जरी के घाव दिखाने के लिए अंतःवस्त्र उतारते हुए देखा गया था।

लोको पायलट ने आरोप लगाया था कि उसे पाइल्स की बीमारी है और वह लंबे समय से चारबाग स्थित मंडलीय रेल अस्पताल में उपचार करा रहा था। इस उपचार से उसे कोई राहत नहीं मिल रही थी। इस पर उसने 22 से 28 फरवरी तक अवकाश लेकर निजी अस्पताल में पाइल्स का उपचार कराया था।



सर्जरी के एक सप्ताह बाद तक राजेश मीणा का घाव ठीक नहीं हुआ था। इस कारण रेलवे के नियम के तहत लोको पायलट छुट्टी बढ़ाने के लिए रेलवे हेल्थ यूनिट पहुंचे थे। यूनिट के डॉक्टर ने जांच के बाद सीनियर्स से सिक मेमो लाने को कहा था। वह एक सप्ताह के लिए सिक लीव लेने चीफ क्रू कंट्रोलर के पास दो मार्च को पहुंचे थे। यहां उनको अपने सीनियर के सामने मेडिकल छुट्टी के लिए पैंट उतारना पड़ा था। रेलवे ने कंट्रोल रूम के माध्यम से संदेश भेजकर राजेश मीणा को बुक ऑफ (डयूटी से हटाना) कर निलंबित कर दिया था।

मामला सामने आने पर रेलवे ने राजेश मीणा को बहाल कर एक सप्ताह का अवकाश बढ़ा दिया था। इसके बाद एक जांच कमेटी गठित की थी, जिसमें राजेश मीणा को सेवा नियमावली का उल्लंघन करने का आरोप लगाया गया था। हालांकि इस मामले में राजेश मीणा पर रेलवे ने कोई कार्रवाई नहीं की। वहीं, चीफ क्रू कंट्रोलर रतन कुमार को हटाकर उनके मुख्य दायित्व मुख्य लोको निरीक्षक के पद पर भेज दिया है। उन्होंने मीणा को आराम के लिए छुट्टी देने से इनकार कर दिया। मीणा ने अपने समुदाय के एक यूनियन लीडर के माध्यम से डिवीजन के सीनियर अधिकारियों से बात की, जिसके बाद उसे आराम के लिए छुट्टी दे दी गई। साथियों द्वारा रिकॉर्ड की गई इस घटना का एक वीडियो मंगलवार को इंटरनेट मीडिया पर खूब प्रसारित किया जा रहा है।

## सीतापुर में सड़क हादसाः मां-बेटे समेत तीन की मौत, ट्रक ने मारी बाइक को टक्कर



**सीतापुर।** गोला मार्ग पर शनिवार की देर रात मार्ग दुर्घटना में मां - बेटे सहित तीन की मौत हो गई। रामकोट के अरथाना निवासी हिमांशु पांडेय अपनी मां रेखा व गांव की सुनीता वाजपेयी के साथ बाइक पर सवार होकर लखीमपुर के कलिया गांव में रिश्तेदारी में एक मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। वहां से देर रात सभी वापस आ रहे थे।

**ट्रक ने बाइक में मारी टक्कर**

गोला मार्ग पर अंगरासी के पास ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। इससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को जिला अस्पताल लाया गया जहां मृत घोषित कर दिया गया। कोतवाली देहात के प्रभारी निरीक्षक अमर सिंह ने बताया कि ट्रक छोड़कर चालक भाग गया है, तलाश की जा रही है।

## लखनऊ में हल्दी मेहंदी रस्म के दौरान दुल्हन के घर के बाहर हवाई फायरिंग, अपहरण की धमकी देकर भागे बदमाश



» हल्दी मेहंदी रस्म में दुल्हन के घर के सामने फायरिंग।
» कार सवारों ने गाली-गलौज कर अपहरण की धमकी दी।
» पुलिस ने तीन आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** बीकेटी क्षेत्र के एक गांव में हल्दी मेहंदी रस्म के दौरान दुल्हन के घर के सामने पहुंचे कार सवारों ने गाली-गलौज करते हुए हवाई फायरिंग कर दी। ग्रामीण जुटे तो आरोपित कार छोड़कर मौके से फरार हो गए। दुल्हन के पिता ने बीकेटी थाने में तीन लोगों के खिलाफ शिकायत की है। पीड़ित ने बताया कि उनकी बेटी की शादी तय है। शुक्रवार को घर में हल्दी मेहंदी का कार्यक्रम था। मेहमान और पड़ोसी भी घर पर थे। इसी बीच स्विफ्ट कार सवार तीन युवक घर के बाहर पहुंचे और फायरिंग शुरू कर दी। यह देख लोग सहम गए। पड़ोसियों ने विरोध जताया तो नशे में धुत आरोपित गाली-गलौज देते हुए धमकाने लगे। यह देख बड़ी संख्या में आसपास के लोग जुट गए। आरोपितों ने खुद को घिरते देखा तो कार छोड़कर मौके से भाग गए। पीड़ितों ने सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की है। पुलिस को एक खोखा मिला है। दुल्हन के पिता ने गांव के सुखदेव, अंकित और अनुज पर फायरिंग और बेटी के अपहरण की धमकी देने का आरोप लगाया है। इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज आरोपितों की तलाश में दबिश दी जा रही है। गाड़ी कब्जे में ली गई है। विवाह के दिन एहतियात के तौर पर पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा।

## सीतापुर में बिजली उपभोक्ता से मांगी घूस, मंत्री की नाराजगी पर हटाए गए एसडीओ हरगांव

» मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड की प्रबंध निदेशक के निर्देश पर मुख्य अभियंता ने किया स्थानांतरण
» राज्यमंत्री बिजली विभाग के अधिकारियों के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए धरना-प्रदर्शन भी कर चुके

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतापुर।** बिजली उपभोक्ता से किसी काम के लिए घूस मांगना बिजली विभाग के एसडीओ को काफी महंगा पड़ गया। कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही की नाराजगी पर हरगांव के उपखंड अधिकारी (एसडीओ) अब्दुल अजीज को घूस मांगने के प्रकरण में हटा दिया गया है। मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड की प्रबंध निदेशक (एमडी) रिया केजरीवाल के निर्देश पर मुख्य अभियंता आरके सिंह ने हरगांव के उपखंड अधिकारी स्थानांतरण कर दिया है। लहरपुर के एसडीओ अचल मिश्र को उनका प्रभार दिया गया है।

कारागार मंत्री ने एसडीओ हरगांव पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए एमडी को




पत्र लिखा था। जिसके बाद यह कार्रवाई की गई है। इससे पहले भी राज्यमंत्री बिजली विभाग के अधिकारियों के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए धरना-प्रदर्शन कर चुके हैं।

बिसवां वितरण खंड के रन्नूपुर निवासी भोगलाल ने कारागार मंत्री से एसडीओ हरगांव की शिकायत की थी। उपभोक्ता का आरोप था कि एसडीओ रात के समय उनकी गुड़बेल पर जांच करने जाते हैं। इसके बाद डरा धमकाकर 11,000 रुपये नकद वसूलने के साथ चार लाख रुपये की मांग की थी। उपभोक्ता की शिकायत पर राज्यमंत्री ने एमडी को पत्र लिखने के साथ कार्रवाई के लिए कहा था। एमडी के निर्देश पर मुख्य अभियंता ने हरगांव के एसडीओ का स्थानांतरण किया है।

## दिल्ली के नरेला में प्लास्टिक फैक्ट्री में लगी आग, मौके पर पहुंचीं दमकल की 12 गाड़ियां



**नरेला औद्योगिक क्षेत्र में प्लास्टिक फैक्ट्री में आग लगी।**
**आग बुझाने में दमकल कर्मियों को हुई परेशानी।**
**घटनास्थल पर दमकल की 12 गाड़ियां मौजूद हैं।**

**बाहरी दिल्ली।** बाहरी दिल्ली के नरेला औद्योगिक क्षेत्र में रविवार सुबह प्लास्टिक आइटम बनाने वाली फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। आग टॉप फ्लोर में लगी थी और सीढ़ियों के रास्ते में सामान रखने की वजह से आग बुझाने में दमकल कर्मियों को दिक्कत आई। आई-ब्लाक स्थित फैक्ट्री में रविवार सुबह भीषण आग लग गई। 12 दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं।फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

## बुलंदशहरः चेहरे पर केक लगाना बन गया घातक, खुर्जा में ताबड़तोड़ चलीं गोलियां, तीन दोस्तों की मौत

» उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर के खुर्जा में जिम में मनाई जाने वाली एक जन्मदिन पार्टी खुशियों से मातम में बदल गई. बर्थडे पार्टी में ताबड़तोड़ फायरिंग हुई और तीन युवकों के सिर में गोली लगने से उनकी मौत हो गई. पुलिस मौके पर सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है. मौके से कुछ सबूत जुटाए गए हैं।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर के खुर्जा में बर्थडे पार्टी में केक लगाने को लेकर झगड़ा हो गया. ये झगड़ा इतना बढ़ गया कि मौके पर ताबड़तोड़ फायरिंग हुई.घटना में तीन लोगों की सिर में गोली लगने से हुई मौके पर मौत हो गई. ये बर्थडे पार्टी जिम में सेलीब्रेट की जा रही थी. मेरठ रेंज के DIG कलानिधि नैथानी ने बताया कि लोगों की शिकायतों और उनके द्वारा बताई गई घटनाओं के आधार पर, कुछ युवकों के बीच जिम में किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था. बताया जा रहा है कि आरोपियों में से एक अपना जन्मदिन मना रहा था।

उन्होंने बताया कि स्थानीय पुलिस आस-पास के इलाके में भी जांच-पड़ताल कर रही है. उन्होंने बताया कि आरोपियों की



गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं. CCTV फुटेज की निगरानी के लिए भी टीमें बनाई गई हैं.फील्ड यूनिट मौके पर मौजूद है. उन्होंने कुछ सबूत जुटाए हैं, जिनका अलग से विश्लेषण किया जाएगा. फिलहाल, यह जानकारी मिली है कि उनके बीच किसी बात को लेकर असहमति थी, जिसके चलते यह झगड़ा हुआ. खुर्जा में जन्मदिन की पार्टी में हुई हत्या को लेकर एसपी देहात अंतरिक्ष जैन ने कहा कि केक लगाने को लेकर दोस्तों के बीच विवाद हुआ और अचानक बढ़ गया. विवाद के बाद फायरिंग, तीन लोगों की गोली लगने से मौत हो गई. घटना से इलाके में मचा हड़कंप, मौके पर आला अफसरों समेत भारी पुलिस फोर्स तैनात हैं।

**'आपस में हुई बहस'**

मृतकों में से एक, संजय सैनी के भाई ने बताया कि सुभाष हलवाई के बेटे जीतू सैनी का जन्मदिन था. उसने लोगों को यहां बुलाया था. इन लोगों की आपस में बहस हो गई और वे हमारे अमरदीप को वहीं छोड़कर चले गए. मुझे एक फ़ोन आया जिसमें बताया गया, 'तुम्हारा भाई गाली-गलौज कर रहा है'. मैंने उनसे कहा कि मैं सुबह उनसे बात करूंगा, क्योंकि मुझे एक शादी में जाना है. उनके पास सात या आठ लाइसेंसी हथियार थे, जिन्हें उन्होंने तुरंत उठाया और घटनास्थल पर पहुंच गए. उन्होंने बताया इसी बीच, उन्होंने मेरे भाई और भतीजे, मनीष सैनी और आकाश सैनी को भी घटनास्थल पर बुला लिया. वहां पहुंचते ही इन लोगों ने तुरंत गोलीबारी शुरू कर दी और किसी को कोई मौका नहीं दिया. तीन लोगों की मौत हो गई. अमरदीप सैनी, मनीष सैनी और आकाश सैनी की जान चली गई।

